# घरेलू झगड़े में बच्ची की हत्या, पत्नी को निकाला

नोएडा, 27 मई (भाषा)।

जेवर थाना क्षेत्र की नई बस्ती में रहने वाले एक दंपति के बीच शुक्रवार रात को विवाद के बाद पति ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया तथा गुस्से में आकर अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) साद मियां खान ने बताया कि जेवर थाना क्षेत्र के मोहल्ला सल्यान नई बस्ती में रहने वाले दीपक की शादी गायत्री से हुई है। दोनों के चार बच्चे हैं। उन्होंने



**रात** को पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर हुआ था विवाद।

**पुलिस** ने आरोपी को किया गिरफ्तार

बताया कि शुक्रवार की रात को पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दीपक ने अपनी पत्नी से मारपीट की और उसे घर से बाहर निकाल दिया तथा गुस्से में उसने अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी कीर्ति का गला दबा दिया।

खान ने बताया कि इस घटना में कृति की मौत हो गई। जब वह उक्त घटना को अंजाम दे रहा था तो उसके तीन अन्य बच्चे मौके पर मौजूद थे। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# भाजपा सरकार किसान और मजदूर विरोधी : जयंत चौधरी

वृंदावन, 27 मई ( जनसत्ता)।

शनिवार को मथुरा पहुंचे राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि कहीं न कहीं किसानों व मजदूरों को समझ आ रहा है कि भाजपा सरकार किसान विरोधी सरकार है। उन्होंने निकाय चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन को बेहतर बताया और पार्टी के सिंबल पर चुनाव लड़कर जीते प्रत्याशियों को बधाई दी।



राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने कहा कि निगम चुनावों में राष्ट्रीय लोकदल का बहुत अच्छा प्रदर्शन रहा है। साथ ही उन्होंने सामाजिक समरसता का पाठ पढ़ाया। इससे पहले जयंत चौधरी का गोकुल बैराज स्थित नरसीपुरम कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर ने बताया कि निगम चुनावों में राष्ट्रीय लोकदल का वोट फीसद बढ़ा है। सभी कार्यकर्ताओं में जोश है। आगे भी सभी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। पार्टी के पार्षद मनोज धनगर ने चांदी का मुकुट पहनाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। लीला पंडित, विवेक पराशर आदि पार्षदों व कार्यकर्ताओं ने भी अपने नेता का स्वागत किया। इस दौरान मुख्य रूप से बाबूलाल प्रमुख, अनूप चैधरी, ठाकुर किशोर सिंह,चेतन मालिक, लक्ष्मण सिंह एड, राजेश चौधरी, नीरज सोलंकी आदि मौजूद रहे।

# नए संसद भवन के उद्घाटन में सभी दलों को शामिल होना चाहिए : महेन्द्र नाथ

चंदौली, 27 मई (जनसत्ता)।

सैयदराजा नगर पंचायत अध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे चंदौली के सांसद तथा केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय ने विपक्षी दलों के जरिए नए संसद भवन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जरिए उद्घाटन करने की बात पर विरोध जताने तथा कार्यक्रम में शामिल न होने की बात पर पत्रकारों से कहा कि कुछ विपक्षी दलों को भाजपा से नफरत हो गई है। साथ ही देश की जनता एवं परंपरा से नफरत है तथा उन लोगों के विचार हमेशा नकारात्मक रहते हैं। हम उन लोगों से अपील करते हैं कि अपने ऐसे विचारों को छोड़कर इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि यह संसद भवन बहुत विशाल बनाया गया है। जिसमें 1200 से अधिक सांसद बैठ सकते हैं। जो कि लंबे कालखंड तक रहेगा। वहीं सपा नेता के सेलान की जगह सभी धर्मों के प्रतीक चिन्ह रखे जाने की बात पर पांडेय ने कहा कि यह किसी जाति धर्म की परंपरा नहीं है। हमारा देश जब आजाद हुआ था। तब अंग्रेजों ने सत्ता हस्तांतरण करते हुए यह नेहरु जी को दिया था। इस लिए इसे ऐतिहासिक संदर्भों से जोड़कर देखना चाहिए। यह नीति परायणता के तहत है।

वहीं 2024 में भाजपा को सत्ता से बेदखल होने के सपा मुखिया अखिलेश यादव के बयान पर महेंद्र पांडेय ने कहा कि 2024 मे देश में प्रचंड बहुमत से नरेंद्र मोदी की अगुवाई में सरकार बनेगी। अखिलेश यादव दिन में सपना देखना बंद करें। साथ ही उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में भी पार्टी को भारी बहुमत मिला है। प्रदेश तथा पूरे देश की जनता भाजपा के साथ है। वहीं केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेन्द्र नाथ पांडेय शुक्रवार को निकाय चुनाव में निर्वाचित किये गये सभी अध्यक्षों एवं सभासदों को बधाई देते हुए जनता की सेवा करते हुए क्षेत्र के विकास को पूरी इमानदारी एवं निष्ठा के साथ करने की बात कहे।



प्रतियोगिता

गोरखपुर में शनिवार को खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में रोइंग प्रतियोगिता में भाग लेते एथलीट।

### वंदे मातरम मुद्दे पर एआइएमआइएम के पार्षदों की पिटाई का मामला

# भाजपा के दो पार्षद गिरफ्तार, रिहा

मेरठ, 27 मई (भाषा)।

मेरठ नगर निगम के महापौर और अन्य सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान शुक्रवार को आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआइएमआइएम) के पार्षदों से मारपीट के आरोप में पुलिस ने भाजपा के दो पार्षदों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। हालांकि उन्हें थाने से ही जमानत पर रिहा भी कर दिया गया है।

सिविल लाइंस के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अरविंद चौरसिया ने एजंसी को बताया कि शुक्रवार को मेरठ नगर निगम के महापौर और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के गायन के दौरान खड़े नहीं होने पर भाजपा पार्षदों ने एआइएमआइएम के कुछ पार्षदों की कथित रूप से पिटाई कर दी थी। इस मामले में भाजपा के तीन पार्षदों राजीव काले, उत्तम सैनी व कविता राही के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इसमें पुलिस ने शुक्रवार रात दो आरोपियों राजीव काले और उत्तम सैनी को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें बाद थाने से ही जमानत पर रिहा भी कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार की घटना के संबंध में राजीव काले की तरफ से भी एआइएमआइएम के आठ पार्षदों के खिलाफ मारपीट की शिकायत की गई है। इसके अलावा, भाजपा के राज्यसभा सदस्य डाक्टर लक्ष्मीकांत बाजपेई ने भी राष्ट्रीय गीत का अपमान करने का आरोप लगाया है। हालांकि, इस संबंध में अब तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। क्षेत्राधिकारी चौरसिया ने बताया कि जांच में प्रथम दृष्टया यह बात सामने आ रही है कि एआइएमआइएम के सदस्यों ने सदन की पहली बैठक में वंदे मातरम गान के समय खड़े नहीं होकर अनुशासनहीनता की है। इसमें सदन अपनी कार्रवाई करेगा और पुलिस का कोई हस्तक्षेप नहीं बनता।

सीओ के मुताबिक, वंदे मातरम के मुद्दे पर एआइएमआइएम के कुछ पार्षदों को भाजपा पार्षदों ने कथित तौर पर पीटा था। उन्होंने बताया कि दिलशाद सैफी की शिकायत पर इस सिलसिले में भाजपा के तीन पार्षदों राजीव काले, उत्तम सैनी और कविता राही के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 147 (दंगा), 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाना), 352 (हमला या आपराधिक बल प्रयोग) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# मुठभेड़ में नौ बदमाश गिरफ्तार, दो घायल

वृंदावन, 27 मई ( जनसत्ता)।

थाना फरह पुलिस व एसओजी टीम ने पुलिस मुठभेड़ के बाद व्यापारियों से चौथ वसूली करने वाले घोषित बदमाश सहित नौ बदमाश को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश घायल हुए हैं। कब्जे से भारी मात्रा में असलहा (तमंचा, पिस्टल, राइफल) खोखा कारतूस व दो बोलेरो कार बरामद हुई हैं। 26 मई को बृजेश कुमार पुत्र राज बहादुर निवासी कस्बा ओल थाना फरह ने चौथ वसूली के मामले में थाना फरह पर धारा 386, 506, 341 आईपीसी में महेंद्र पाल पुत्र हरिकिशन एवं ओमप्रकाश उर्फ ओपी पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी आल थाना फरह के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया था।

थाना फरह पुलिस व एसओजी ने चेकिंग के दौरान बाघाई बार्डर राजस्थान थाना फरह पर बदमाशों के द्वारा पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई। पुलिस के द्वारा आत्मरक्षा में फायरिंग की गई जिसमें नौ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें ओमप्रकाश उर्फ ओपी एवं महेंद्रपाल घायल हो गए। महेंद्र पर हत्या एवं रंगदारी सहित लगभग आधा दर्जन मुकदमे हैं। घायल बदमाशों को जिला अस्पताल भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपितों में महेंद्र पाल, ओमप्रकाश, शिवचरण, मुन्नालाल, रंजीत सिंह, देव सिंह, अशोक कुमार, बृजेश व सूरज हैं।

एसएसपी शैलेश पांडये ने बताया की थाना फरह पुलिस की बीती रात मुठभेड़ हुई दो अपराधी मुठभेड़ में घायल हुए। उनके साथ के सात अन्य लोग भी गिरफ्तार हुए हैं। जिनमें से पांच हथियारबंद थे। दो अपराधियों के साथ चल रहे थे। दो गाड़ियां और भारी मात्रा में असलहा बरामद हुए हैं। हत्या, हत्या के प्रयास, धोखाधडी, मारपीट के अभियोग इनके खिलाफ पंजीकृत हैं। फरह क्षेत्र में व्यापारियों में भय पैदा कर रहे थे।

## पुलिस मुठभेड़ में 32 हजार का इनामी गिरफ्तार, साथी फरार

सहारनपुर, 27 मई (जनसत्ता)।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पिछले एक माह के दौरान मेरठ, मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर जिलों में घर में घुसकर लूट की वारदात करने वाले गिरोह के सरगना कुर्बान निवासी हिंड शामली को नानौता पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लग गई, जिससे वह जख्मी हो गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मुठभेड़ के दौरान उसका एक साथी जंगल में भाग गया।

एसएसपी डा विपिन टाडा ने शनिवार दोपहर को बताया कि गिरफ्तार बदमाश कुर्बान पर सहारनपुर जिले की पुलिस की ओर से 25 हजार का इनाम घोषित था। नानोता पुलिस थानाध्यक्ष चंद्रसेन सैनी की अगुवाई में आज सुबह नानोता से सहारनपुर जाने वाले रास्ते पर गांव खुड़ाना मोड़ पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच चल रही थी तो उसी दौरान काले रंग की बिना नंबर प्लेट की एक मोटर साइकिल रामपुर मनिहारान की तरफ से आ रही थी जिस पर दो युवक सवार थे। जांच के लिए उन्हें रोका गया तो वे भागने लगे। पीछा करने पर उनकी मोटर साइकिल आम के बाग के पास फिसलकर गिर गई। खुद को घिरता देख युवकों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश कुर्बान निवासी गांव हिंड थाना थानाभवन जिला शामली को पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया और उसका एक साथी जंगल में फरार हो गया। कुर्बान के पास से पुलिस ने नानौता से लूटी गई मोटर साइकिल, 315 बोर का एक तमंचा, तीन जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ।

## 'शिकायतों के निस्तारण में न बरतें लापरवाही'

उरई, 27 मई (जनसत्ता)।

जिलाधिकारी चांदनी सिंह व पुलिस अधीक्षक ईराज राजा की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस उरई तथा महिला थाना उरई में फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं का मौके पर सुनकर संबंधित अधिकारियों द्वारा निस्तारण कराया गया। उन्होंने लंबित शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया।

## फौजी व दारोगा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की मारपीट, मुकदमा दर्ज

हापुड, 27 मई (जनसत्ता)।

भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में फौजी व दारोगा ने लड़की पक्ष से मारपीट की। अधीक्षक के कक्ष के बराबर में स्थित परिवार परामर्श केंद्र में वधु पक्ष की जमकर पिटाई हुई। बाद में गंभीर घायलों की तहरीर पर हापुड़ कोतवाली में तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि परिसर में काऊंसलिंग को आए भारतीय सेना के जवान दिवेश, पिता दिल्ली पुलिस दरोगा कर्णवीर, राजेंद्र सिंह व एक अन्य द्वारा हेल्मेट से लड़की पक्ष पर हमला करना गलत है। हमले में नवविवाहिता पल्लवी, उसकी मां सुशीला, पिता आजाद सिंह व मामा रघुराज घायल हुए हैं। आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होगी। गौतमबुद्ध नगर के गांव दनकोर निवासी आजाद ने बताया कि पुत्री पल्लवी की शादी 12 मई 2022 को पिलखुवा के फौजी दिवेश पुत्र कर्णवीर के साथ हुई थी। सुसराल पक्ष के अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मामला पुलिस में पहुंचा है। आरोप है कि पल्लवी को कर्णवीर की दूसरी पत्नी व उसके दोनों बच्चे भी उत्पीड़न करते हैं।


IS 15700:2018

**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद**

**अधीक्षण अभियन्ता, अयोध्या वृत्त**

आफिस काम्पलेक्स, प्रथम तल, अंगूरीबाग योजना, अयोध्या-224001

E-mail: upavp.ayodhya@gmail.com

पत्रांक : 883/एम-10/ दिनांक : 24.05.2023

**ई-निविदा सूचना**

परिषद की ओर से ई-निविदा सूचना संख्या- 882 दिनांक 24.05.2023 द्वारा जनपद श्रावस्ती में राजकीय महाविद्यालय जमुनहा हरदत्तनगर हेतु फर्नीचर आपूर्ति के कार्य एवं जनपद श्रावस्ती के गिलौला में बस स्टेशन गिलौला के अवशेष कार्य (अनुबन्ध संख्या-04/ई0ई0/सी0 डी0 अयोध्या-3/2022-23 पर डेबीटेबल एजेन्सी) हेतु निविदा दिनांक 14.06.2023 को आमंत्रित है। अन्य विवरण, नियम व शर्तें परिषद की वेबसाइट www.upavp.in तथा www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**अधीक्षण अभियन्ता**



**KHANDELWAL EXTRACTIONS LIMITED**

CIN : L24241UP1981PLC005282 ; Regd. Office: 51/47, Naya Ganj, Kanpur- 208 001

EXTRACT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31st MARCH, 2023 (Rs./ Lacs)

| Sl. No. | Particulars | 3 Months Ended 31.03.2023 Audited | Year Ended 31.03.2023 Audited | Corresponding 3 Months Ended 31.03.2022 Audited |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Total income from operations | - | - | - |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 10.61 | 31.27 | (27.12) |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 10.61 | 31.27 | (27.12) |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 10.61 | 31.27 | (27.12) |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | (1.18) | 19.48 | (40.19) |
| 6. | Paid-up Equity Share Capital (Face value of Rs. 10/- per share) | 85.01 | 85.01 | 85.01 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | 140.09 | 140.09 | 120.61 |
| 8. | Basic & Diluted Earnings per share (of Rs.10/- each) (For continuing and discontinuing operations) (Not Annualised) (in Rs.) | 0.01 | 2.29 | (4.73) |

NOTES: The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange website: www.bseindia.com and on the Company's website: www.khandelwalextractions.com

For and on behalf of the Board of Directors
Dinesh Khandelwal
Director (Finance) & CFO
DIN: 00161831

Place: KANPUR
Date: 27.05.2023


# नवनिर्वाचित महापौर और पार्षदों ने ली शपथ

बरेली, 27 मई (जनसत्ता)।

नगर निगम बोर्ड के नवनिर्वाचित महापौर और पार्षदों ने बरेली क्लब के मैदान में सार्वजनिक रूप से जनता के समक्ष अपने पद की शपथ ली है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की मौजूदगी में मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने उमेश गौतम को महापौर पद की शपथ दिलाई। इसके बाद महापौर ने निगम के निर्वाचित 80 में से 79 पार्षदों को शपथ दिलाई है। सिर्फ एक पार्षद इस समारोह में शामिल नहीं हो सका है।

शपथ ग्रहण के बाद जन समारोह को संबोधित करते हुए नव निर्वाचित महापौर उमेश गौतम ने कहा कि उन्हें विकास के नाम पर इस बार जिताया है। उन्होंने कहा कि जनता से किए गए वायदों को पांच साल के बजाय दो साल में ही पूरा करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश होगी कि बरेली देश का ही नहीं बल्कि विश्व का सबसे सुंदर और सुविधाजनक शहर बन जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चुनाव के दौरान किए गए वायदे के मुताबिक शहर को सिर्फ स्मार्ट सिटी नहीं बल्कि सेफ सिटी (सुरक्षित शहर) बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिला अपराधों को रोकने के विशेष उपाय किए जाएंगे ताकि वे बेखौफ होकर किसी भी समय घर के बाहर अकेले भी आ जा सकें।

## वाराणसी में नवनिर्वाचित महापौर ने दो बार ली शपथ

वाराणसी, 27 मई (जनसत्ता)

मेयर और पार्षद पद की शपथ ग्रहण प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के मेयर अशोक तिवारी ने एक नहीं बल्कि 2 बार शपथ ली। पहली शपथ संस्कृत में उन्होंने पूरी कि जो पद और गरिमा से जुड़ी हुई थी, जिसे कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने शनिवार को उन्हें दिलवाया। जबकि दूसरी शपथ हाथ में गंगा जल का पात्र लेकर उन्होंने पूरी की, जिसे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दिलवाया। सबसे बड़ी बात यह है कि इस शपथ ग्रहण समारोह में अशोक तिवारी ने पूरा शपथ पत्र संस्कृत में ही पढ़ा।

## सहारनपुर में सभी 12 नगर निकायों के अध्यक्षों ने ली शपथ

सहारनपुर, 27 मई ( जनसत्ता)।

सहारनपुर जिले में नगरीय निकाय अध्यक्षों के शपथ लेने का काम शनिवार देर शाम पूरा हो गया। शनिवार को नकुड नगर पालिका के अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता को एसडीएम नकुड अजय कुमार अंबष्ट ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अंबष्ट ने इससे पूर्व नगर पंचायत की अध्यक्ष रेशमानाज को शपथ दिलाई। शनिवार को ही एसडीएम बेहट दीपक कुमार ने दूसरी बार चुने गए नगर पंचायत बेहट अध्यक्ष अब्दुल रहमान कुरैशी को शपथ दिलाई।

## खबर कोना

### 50 लाख की नकली दवाई बरामद, आरोपी गिरफ्तार

मोदीनगर, 27 मई ( जनसत्ता)।

थाना पुलिस और दवा निरीक्षक ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कोतवाली क्षेत्र के मानवतापुरी कालोनी से लाखों रुपए कीमत की नकली दवाइयां बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। बरामद दवाइयों में दर्द निवारण और वायरल संबंधित दवाइयां शामिल हैं। डीसीपी रवि कुमार के मुताबिक शुक्रवार देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि मानवता पुरी कालोनी में एक मकान के पीछे बने घेर में नकली दवाइयों का बड़ा स्टाक मौजूद है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई की गई और मौके पर छापा मारा गया। मौके से बड़ी संख्या में दवाइयों से भरे 14 कार्टून बरामद हुए हैं। इस मामले में रूपचंद निवासी छोटी मार्केट गोविंदपुरी को गिरफ्तार किया गया है। बरामद दवाइयों की कीमत 50 लाख से अधिक बताई गई है जिसमें सनफार्मा, सिप्ला, कैडिला फार्मा, टोरेंट फार्मासयूटिकल, लिपिन फार्मासयूटिकल और मैकलियोडस फार्मा की दवाइयां शामिल हैं।

### दो दर्जन से अधिक पुलिस कर्मी किए गए लाइन हाजिर

उरई, 27 मई (जनसत्ता)।

लगातार आ रही शिकायतों के चलते पुलिस अधीक्षक डा ईराज राजा ने जनपद में दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया है। पुलिस अधीक्षक ने उरई कोतवाली में तैनात रहे हेड कांस्टेबल रमेश यादव, सिपाही गजेंद्र यादव, ताराचंद्र, दिलीप कुमार, आशुतोष गौतम, नरेंद्र यादव को लाइन हाजिर कर दिया। इसी क्रम में एसपी ने डकोर में रहे सिपाही विपिन चाहर, विकास कुमार, कोटरा में रहे रणविजय, जालौन में रहे सुनील कुमार, उदयभान सिंह, कुठौंद थाने के चालक महिपाल सिंह, गोपाल दीक्षित, सिरसा कलार में रहे चालक मनोज कुमार, कालपी में रहे सिपाही जयकरण सिंह, उमेश कुमार, अमित कुमार, कदौरा के सिपाही लक्ष्मण परिहार, आटा के बाबी, इटौरा चौकी के चालक महेंद्र कुमार, गोहन थाने के सिपाही त्रिलोकीनाथ, रामपुरा के जितेंद्र यादव, कोंच के आलोक मिश्रा, आशुतोष, एट थाने के अरविंद कुमार और ट्रैफिक पुलिस के विकास बाबू को लाइन हाजिर कर दिया।

### हाईवे पर मिला जनसेवा केंद्र संचालक का शव

शाहजहांपुर, 27 मई (जनसत्ता)।

थाना आरसी मिशन क्षेत्र के मोहल्ला अहमदपुर रेती निवासी 50 वर्षीय मुकेश गुप्ता का शव रात करीब साढ़े नौ बजे रोजा थाना क्षेत्र में लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे किनारे पड़ा मिला। माना जा रहा है कि किसी वाहन की टक्कर से उनकी मौत हुई है। परिवार में कोहराम मचा है। मुकेश गुप्ता अहमदपुर रेती में जनसेवा केंद्र का संचालन करते थे। काम के सिलसिले में वह उचौलिया गए थे। वहां से लौटते समय रात करीब साढ़े नौ बजे रोजा पुलिस को उनका शव हाईवे किनारे पड़ा मिला। पुलिस से खबर मिलने पर परिजन भी रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने किसी वाहन की टक्कर से मुकेश की मौत होने की आशंका जताई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बलात्कार के आरोपी को 20 साल कारावास

बुलंदशहर, 27 मई ( जनसत्ता)।

जिले की एक अदालत ने शनिवार को बलात्कार के आरोपी को 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है और 36 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता वरुण कौशिक ने बताया अगौता थाना क्षेत्र के तहत हैदराबाद गांव के रहने वाले लवली उर्फ नवल किशोर ने 2018 में अगौता थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले एक व्यक्ति की दो नाबालिग बच्चियों उम्र सात साल व उम्र पांच साल को बहला-फुसलाकर ले जाना तथा बलात्कार व मारपीट की थी।

### बलात्कार के दोषी चाचा को आजीवन कारावास

हापुड़, 27 मई (जनसत्ता)।

माता-पिता की मौत के बाद परवरिश करने वाले चाचा ने भतीजी से बलात्कार किया। 14 वर्षीय भतीजी से जबरन बलात्कार करने वाले सगे चाचा के आरोपित होने के कारण मामले को गंभीरता से लेकर नयायालय में तेजी से सुनवाई हुई। वारदात के तीन वर्ष पूरे होने से पूर्व अपर जिला एवं सत्र विशेष न्यायधीश ने कलयुगी चाचा को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।